<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सेंट जॉन्स में उत्साह से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

आज दिनांक 29.08.2019 को सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के प्रमुख खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय में बास्केटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। आज 29.08.2019 को ही विद्यालय में प्रधानमंत्री जी द्वारा क्विट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम भी लांच किया गया। इस कार्यक्रम को विद्यालय में छात्रों को लाइव दिखाया गया तथा छात्रों ने बढ़-चढ़कर इस पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सिद्धि, प्रिंस, शिवम सिंगल, नितिन सिंह राणा ने अपने विचार व्यक्त किए। बास्केटबॉल, बैडमिंटन और हॉकी के मैच आयोजित किए गए। जिनमें प्रज्वल, प्रियांशु, हर्ष आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने बच्चों को खेल की महत्ता बताई तथा प्रधानमंत्री जी के इस अभियान को सफल बनाने में अपना सभी का योगदान देने की बात की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विजेता छात्रों हर्षवर्धन, अक्षित, प्रभा, सिमर, वंश, विशाल, युवराज, कार्तिक ढाका, मयंक सिंह, सक्षम, विवेक, अवी, जुबेर, रितिका, प्रगति, विजय श्री, अलीरा, कन्नू, स्नेहा, अनु, मानवी, अनुराधा, आदित्य शर्मा, अमन पांडे, आदि को प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जी ने सभी सहयोगी शिक्षकों सर रोहित लोपेज़, मेंम निधि चौधरी, सर अल्फ्रेड का धन्यवाद किया तथा विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को प्रेरित किया।